भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2506

जिसका उत्तर 03 अगस्त, 2023 को दिया गया

पुदुचेरी में विद्युत विभाग का निजीकरण

2506. श्री वी. वैथलिंगमः

क्या **विद्युत** मंत्री 29.07.2021 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1778 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पुदुचेरी में विद्युत विभाग के निजीकरण की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है; और

(ख) निजी कंपनी के साथ प्रस्तावित हिस्सेधारी पद्धति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) : वितरण कंपनी में शेयरों की 100% बिक्री के लिए सफल बोलीदाता के चयन के लिए अनुमोदित आरएफपी दिनांक 27-09-2022 को जारी की गई है। बोली जमा करने की अंतिम तिथि को दिनांक 07-08-2023 तक बढ़ा दिया गया है। इस बीच, दिनांक 28-09-2022 को विद्युत विभाग, पुदुचेरी के निजीकरण के विरुद्ध विद्युत विभाग तकनीकी प्रमाणपत्र धारक (आईटीआई) कल्याण संघ, पुदुचेरी द्वारा डब्ल्यू पी 26692/2022 में माननीय मद्रास उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की गई थी। पुदुचेरी सरकार द्वारा आवश्यक जवाबी हलफनामा दायर किया गया है। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 16-11-2022 को आदेश दिया गया था कि अगले आदेश तक बोलियां नहीं खोली जाएंगी। मामले का निपटारा किया जाना अभी बाकी है।

(ख) : कर्मचारी संघों की मांग के आधार पर, पुदुचेरी सरकार द्वारा वितरण कंपनी के शेयरों की बिक्री का प्रतिशत 100% से बदलकर 51% करने का निर्णय लिया गया था। विद्युत् मंत्रालय तथा गृह मंत्रालय द्वारा 51% हिस्सेदारी की बिक्री के लिए संशोधित आरएफपी दस्तावेजों को अनुमोदित कर दिया गया है। संशोधित आरएफपी को शीघ्र जारी करने की कार्रवाई की जा रही है।

****